# पटना विश्वविद्यालय

## अधिसूचना

विश्वविद्यालय अधिसूचना ज्ञाप संख्या–Adm/1137 दिनांक 11.08.2025 द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (रैगुलर), सत्र– 2025–27 का प्रथम मेरिट लिस्ट दिनांक 11.08.2025 को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किया गया किन्तु तकनीकि कारणों से उसे रद्द कर दिया गया। तत्पश्चात् प्रथम संशोधित मेरिट लिस्ट आज दिनांक 14.08.2025 को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। नवप्रकाशित सूची में चयनित अभ्यर्थियों का काउंसेलिंग/नामांकन 18, 19 एवं 20 अगस्त, 2025 को संबंधित विभाग में होगा।

जिन आवेदकों (छात्र/छात्रा) का नाम मेधा–सूची में रहेगा वे इसे विश्वविद्यालय के वेबसाइटः–www.pup.ac.in पर अपने लॉगइन आई डी एवं पासवर्ड की मदद से देख सकेंगे।

* अलॉटमेन्ट लेटर में अंकित नामांकन शुल्क जमा करेंगे।
* फी पेमेन्ट के बाद अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करें।
* उपरोक्त तीनों कागजात (अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप, आवेदन पत्र) के साथ अपना चार पासपोर्ट साईज फोटो, सभी मूल प्रमाण–पत्र (सभी मूल प्रमाण–पत्र का एक छाया प्रति भी ले जाएँ) सहित अलॉटमेन्ट लेटर में अंकित विभाग समय पर पहुँच कर नामांकन कराएँ।

दूसरा मेरिट लिस्ट दिनांक 25.08.2025 को जारी किया जाएगा तथा नामांकन 27, 28 एवं 29 अगस्त, 2025 को होगा।

* सभी स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष/संस्थानों के निदेशक प्रतिदिन किए गए validation का प्रतिवेदन प्रो0 रजनीश कुमार, नामांकन प्रभारी, को संकायाध्यक्ष कार्यालय में अपराह्न में देंगे।

काउंसेलिंग/नामांकन के लिए विभागाध्यक्ष/निदेशक को validation के लिए लिंक भेजा जाएगा। validation के बाद "provisionally admitted" का पत्र विभाग/संस्थान से उसी समय प्राप्त कर लेंगे।

कुलपति के आदेश से

Shalini
14-8-2025

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञाप संख्या–Adm/1151 दिनांकः 14.08.2025

प्रतिलिपि–1. सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, पटना विश्वविद्यालय, 2. प्रो0 रजनीश कुमार, नामांकन प्रभारी, पटना विश्वविद्यालय, 3. सभी पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 4. प्रोफेसर इन चार्ज, आई क्यू ए सी सेल, पटना विश्वविद्यालय 5. प्रोफेसर इन चार्ज, आई टी सेल, पटना विश्वविद्यालय, (को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु) 6. निजि सहायक, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, 7. निजि सहायक, कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Shalini
14-8-2025

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय, पटना।

14/08/25